उपेक्षा

अधिकारियों के साथ पैदल चलकर विधायक ने जानी हकीकत, 5 साल पहले मिली स्वीकृति लेकिन धरातल पर सड़क गायब

आजादी के दशकों बाद भी सड़क को तरस रहे ग्रामीण

घुघरी, नवभारत। विकासखंड घुघरी के अंतर्गत आने वाले बैगा बाहुल क्षेत्र के ग्रामीण आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। टिकराचलनी से पद्दीकोना तक का लगभग पाँच किलोमीटर लंबा मार्ग पिछले कई वर्षों से अत्यंत जर्जर स्थिति में है। मार्ग की हालत इतनी खस्ता है कि यहाँ पैदल चलना भी दूभर हो गया है, जिससे ग्रामीणों को वर्षों से उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है।

खराब सडक़ के कारण इस क्षेत्र में एम्बुलेंस का पहुँचना लगभग असंभव है। स्थिति इतनी विकट है कि गंभीर बीमारी या प्रसव के दौरान मरीजों को अक्सर खाट या कंधे पर लादकर मुख्य मार्ग तक ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन-प्रशासन की लापरवाही के कारण वे आज भी आदिम युग जैसी परिस्थितियों में रहने को मजबूर हैं।

कागजों में अटकी 5 वर्ष पुरानी स्वीकृति

बताया गया कि इस मार्ग पर ग्रेवल सडक़ निर्माण के लिए करीब पांच वर्ष पूर्व ही प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी थी। हैरानी की बात यह है कि स्वीकृति के बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं और ग्रामीणों में भारी नाराजगी व्याप्त है।

विधायक ने पैदल तय किया 5 किमी का सफर

ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद क्षेत्रीय विधायक नारायण सिंह पट्टा ने मामले को गंभीरता से लिया है। हाल ही में विधायक नारायण सिंह पट्टा ने ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं इंजीनियरों के साथ इस दुर्गम मार्ग पर पांच किलोमीटर की पैदल यात्रा की। उन्होंने स्वयं पथरीले और जर्जर रास्ते की जमीनी हकीकत देखी और ग्रामीणों से संवाद किया।

जल्द निर्माण का आश्वासन

मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने विधायक और ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि सडक़ निर्माण की बाधाओं को दूर कर शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अब देखना होगा कि यह आश्वासन कब तक धरातल पर उतरता है और कब इन ग्रामीणों को बदहाल सडक़ से मुक्ति मिलती है।

बिछिया में जुए के फड़ पर पुलिस का छापा

19 लाख से अधिक का मशरूका जब्त, 7 आरोपी गिरफ्तार, 4 कारें और बड़ी मात्रा में नगदी बरामद

भुआ बिछिया। पुलिस ने अवैध जुए के विरुद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाहियों में से एक को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में विशेष टीम ने ग्राम फोंक सिझौरा में दबिश देकर जुए के खेल का भंडाफोड़ किया है। इस पूरी कार्रवाई में पुलिस ने करीब 19 लाख 1 हजार 200 रूपए का मशरूका नगदी व वाहन समेत जब्त किया गया है।

बताया गया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि फोंक सिझौरा क्षेत्र में बड़े स्तर पर जुआ खेला जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी सतीष चतुर्वेदी के नेतृत्व में 4 अलग-अलग टीमें गठित की गईं। मध्य रात्रि में की गई इस छापेमारी में पुलिस ने घेराबंदी कर 7 आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा, जबकि मुख्य सरगना अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा।जुआ के फड़ पर बिछिया पुलिस की कार्रवाई में पुलिस ने मौके से विलासिता पूर्ण साधनों के साथ भारी रकम बरामद की है। जिसमें मौके पर नगद राशि 3 लाख 21 हजार 200 रूपए, मोबाइल फोन 8 नग, तीन चार पहिया वाहन एमपी20 जेडएक्स 7828, एमपी20 एमसी 1642, एमपी20 सीएल 5533 समेत कुल मशरूका की अनुमानित कीमत 19 लाख 1 हजार 200 रूपए जब्त किया गया है।

आरोपी गिरफ्तार और फरार की तलाश- पुलिस ने मौके से वैभव मिश्रा बिछिया, संजय चौकसे बरगी, आनंद बंदेवार बम्हनी, राजेश खमपरिया बरगी, फरीद अली परवाडा, सचिन उद्दे बम्हनी बंजर और राजकुमार उर्फ राजा अंजनिया को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही जुआ खिलाने वाला मुख्य आरोपी महेश बंजारा निवासी बम्हनी अपने तीन अन्य साथियों के साथ फरार है। पुलिस ने सभी के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 49 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्यवाही के दौरान निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम बिछिया थाना प्रभारी, ममता परस्ते, गिरीष करवेती, जयसिंह यादव सहित सहायक उपनिरीक्षकों और आरक्षकों की पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

छात्र जीवन में अनुशासन का रहता है बड़ा महत्व : जनपद उपाध्यक्ष

सेवा और समर्पण के साथ संपन्न हुआ सात दिवसीय शिविर

निवास। शासकीय सांदीपनि उच्च माध्यमिक विद्यालय हाथीतारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का ग्राम भलवारा में समापन हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण विकास का संदेश दिया। समापन दिवस पर स्वयंसेवकों ने माध्यमिक शाला भलवारा एवं आसपास के क्षेत्रों में वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। शिविर के दौरान प्रत्येक स्वयंसेवक ने अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया। स्वयंसेवकों ने न केवल श्रमदान किया, बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत निवास के उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भलवारा सरपंच अरविंद सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से छात्रों में नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य संगीता मथनिया ने की।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया प्रतिवेदन का वाचन

इस अवसर पर छात्रों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम अधिकारी रविंद्र सिंह वरकडे ने सात दिनों तक चली गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन वाचन किया। अंत में कैंप फायर के साथ शिविर का औपचारिक समापन हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक अरुण कुमार शुक्ला, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, रामकुमार मार्को, कृष्ण लाल साहू, बिंदु पिल्लै, हेमंत मरावी, अनुराधा सिंह सहित सांदीपनि विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

हनुमान और शंकर जी की प्राण-प्रतिष्ठा का चार दिवसीय महोत्सव शुरू

आज निकलेगी कलश यात्रा, 11 को विशाल भंडारे का होगा आयोजन

नारायणगंज। क्षेत्र की आध्यात्मिक ऊर्जा को और प्रगाढ़ करने के लिए नारायणगंज बस स्टैंड परिसर में स्थित नवनिर्मित मंदिर में भगवान शंकर एवं हनुमान जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। पीपल वृक्ष की छांव में स्थित इस मंदिर में आयोजित चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान 8 से 11 फरवरी तक चलेगा।

बताया गया कि महोत्सव के दूसरे दिन आज 9 फरवरी को नगर में एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में नारायणगंज सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित होंगे। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ निकलने वाली यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी।

पूजन अर्चन एवं अनुष्ठान विधिवत शुरू

बताया गया कि 8 फरवरी को मंदिर में पूजन अर्चन एवं अनुष्ठान विधिवत शुरू किया गया। 9 फरवरी को भव्य मंगल कलश यात्रा एवं विशेष पूजन किया जाएगा। 10 फरवरी को अधिवास पूजन एवं विग्रहों का दिव्य अभिषेक किया जाएगा। 11 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहूति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा।

भंडारे के लिए समिति ने की अपील

आयोजन समिति ने बताया कि मंदिर में मूर्तियों की स्थापना के साथ ही वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु मंदिर दर्शन के लिए पहुँच रहे हैं। आगामी 11 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। समिति ने समस्त क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक उत्सव में सम्मिलित होने और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की भावपूर्ण अपील की है।

30 अप्रैल के पहले होंगे मप्र स्टेट बार काउंसिल के चुनाव

जबलपुर, नवभारत। मप्र के करीब एक लाख से अधिक अधिवक्ताओं के लिए उच्चतम न्यायालय से बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से टलते आ रहे स्टेट बार काउंसिल चुनावों को लेकर अब उच्चतम न्यायालय ने सख्त समय-सीमा तय कर दी है। जस्टिस रवि शंकर झा की निगरानी में 30 अप्रैल 2026 तक हर हाल में चुनाव प्रक्रिया पूरी करानी होगी।

उच्चतम न्यायालय में इस मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष हुई। कोर्ट ने रिकॉर्ड पर यह तथ्य लिया कि एमपी स्टेट बार काउंसिल की निर्वाचित कार्यकारिणी का निर्धारित कार्यकाल अक्टूबर 2025 में समाप्त हो चुका था। इसके बावजूद लंबे समय तक चुनाव प्रक्रिया शुरु न होना अदालत को गंभीर लापरवाही प्रतीत हुई। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्वाचित संस्था का कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी चुनाव न कराना अधिवक्ताओं के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

विस्तार अंतिम था....

सुनवाई के दौरान भारतीय विधिज्ञ परिषद ने उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि एडवोकेट्स एक्ट, 1961 की धारा 8 के अंतर्गत मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल को छह महीने का अतिरिक्त विस्तार प्रदान किया गया था। उच्चतम न्यायालय ने इस दलील को स्वीकार तो किया, लेकिन साथ ही यह भी साफ कर दिया कि यह विस्तार अंतिम था। कोर्ट ने कहा कि अब किसी भी परिस्थिति में और समय नहीं दिया जाएगा और तय समय-सीमा के भीतर नई निर्वाचित परिषद का गठन अनिवार्य है। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि उच्चतम न्यायालय के इस हस्तक्षेप से राज्य में बार काउंसिल की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी और अधिवक्ताओं को जवाबदेह नेतृत्व मिलेगा।

योजनाएं होती है प्रभावित

मप्र स्टेट बार काउंसिल प्रदेश के लगभग एक लाख से अधिक अधिवक्ताओं का प्रतिनिधित्व करती है। चुनाव में देरी के चलते अधिवक्ता कल्याण योजनाएं प्रभावित हो रही थीं। मृत्यु दावा राशि, चिकित्सा सहायता, आर्थिक सहयोग और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के निर्णय नई परिषद के अभाव में लंबित थे इसके अलावा वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक मामलों की सुनवाई और समितियों का पुनर्गठन भी चुनाव पर निर्भर था, जिससे न्यायिक व्यवस्था पर भी असर पड़ रहा था।

सर्च वारंट के साथ घर में दबिश देकर पकड़ी अवैध लकड़ी

जगमंडल परिक्षेत्र के ग्राम घोंट में हुई कार्रवाई, साजा चिरान के 37 नग बरामद, वन अपराध दर्ज

अंजनिया। पूर्व सामान्य वन मंडल मंडला के अंतर्गत अवैध वनोपज के संग्रहण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए विभाग निरंतर मुस्तैद है। इसी क्रम में परिक्षेत्र जगमंडल की टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर ग्राम घोंट में सर्च वारंट के तहत छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध लकड़ी जब्त करने में सफलता हासिल की है।

जानकारी अनुसार जगमंडल परिक्षेत्र की टीम ने ग्राम घोंट निवासी शिवचरण साहू के मकान की तलाशी ली। इस कार्रवाई के दौरान मकान से अवैध रूप से संग्रहित 37 नग साजा चिरान (0.261 घन मीटर) बरामद की गई। जब्त लकड़ी की कुल कीमत (मावजा महसूल सहित) 8,850 रुपये आंकी गई है। विभाग ने इस मामले में वन अपराध प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हुई छापेमारी

यह पूरी कार्यवाही उप वन मंडल अधिकारी जगमंडल, माधवराव उइके के निर्देशन एवं परिक्षेत्र अधिकारी जगमंडल, श्रीमती लतिका तिवारी उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

कार्रवाई में शामिल रही वन विभाग की टीम

इस महत्वपूर्ण छापेमारी में परिक्षेत्र सहायक अंजनिया ब्रजभान सिंह कुल्हिया कार्यवाहक वनपाल के साथ वन रक्षक अभिषेक शुक्ला, बालसिंह ठाकुर, पहलसिंह मार्को, प्रदीप भांडे, रामलाल हरदहा, कौशल कोकड़िया, टीकाराम उइके, मिलसिंह तेकाम, प्रिया गौतम, अनिता उइके, सुमन मार्को, धनवती परते तथा सुरक्षा श्रमिक सुखराम, हेमलाल और राजकुमार की सराहनीय भूमिका रही।

बंदी की मौत, होगी न्यायिक जांच

जबलपुर। धोखाधड़ी के प्रकरण में दंडित बंदी को नरसिंहपुर जेल से केन्द्रीय जेल जबलपुर में दाखिल कराया गया था जिसकी शनिवार को अचानक तबियत बिगड़ गई और उसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसे डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। मामले की अब न्यायिक जांच होगी। पुलिस के मुताबिक शनिवार को जेल प्रहरी ने सूचना दी कि धोखाधडी के प्रकरण में बंदी अजीत राम साहू 74 वर्ष निवासी इंद्रावती पोस्ट टेडेसरा थाना सोमनी जिला राजनांद गॉव को नरसिंहपुर जेल से 4 जनवरी 26 को उपचार के लिए केन्द्रीय जेल जबलपुर में दखिल कराया गया था। सुबह अजीत राम साहू का स्वास्थ खराब होने पर मेडिकल कालेज भेजा गया। मेडिकल कालेज में डाक्टर ने चैक कर अजीत राम साहू को मृत घोषित कर दिया।

10 से शुरू होगा शवत्व से शिवत्व की ओर सत्संग समागम

आज निकलेगी मंगल कलश यात्रा, अध्यात्म और विज्ञान के संगम से महकेगी नर्मदा नगरी

देवदरा। देवदरा में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा भगवान शिव आराधन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्थान के प्रतिनिधि स्वामी शारदानंद, स्वामी सत्येन्द्रानंद एवं स्वामी यशवीर जी ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा साझा की।

बताया गया कि मुख्य आयोजन से पूर्व 9 फरवरी को प्रात: 09 बजे सिंहवाहिनी मंदिर नाव घाट से एक विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश धारण कर नगर भ्रमण करेंगी, जो पूरे शहर को शिवमय बनाएगी।

अध्यात्म के साथ वैज्ञानिक विवेचना

पत्रकार वार्ता के दौरान स्वामियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल पौराणिक कथाओं का वाचन नहीं, बल्कि शिव भक्ति के वैज्ञानिक पहलुओं को उजागर करना है। मधुर भजनों के बीच यह बताया जाएगा कि कैसे मनुष्य अपने अंतर्मन में ईश्वर का साक्षात्कार कर मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। संस्थान ने जिले के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से सपरिवार इस आध्यात्मिक उत्सव में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

पंच-दिवसीय होगा विशेष सत्संग

इस धार्मिक आयोजन को लेकर जानकारी देते हुए बताया गया कि संस्थान द्वारा आयोजित यह समागम 10 फरवरी से 14 फरवरी तक चलेगा, जिसमें शिव तत्व के गूढ़ रहस्यों को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में समझाया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रम की शवत्व से शिवत्व की ओर रहेगी, जो नर्मदा कॉलोनी पार्क मंडला में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

सिद्ध मुड़िया पाठ बाबा धाम में गूँजी रामधुन

शिवलिंग स्थापना के साथ हुआ भंडारा, हजारों श्रद्धालुओं ने पाया प्रसाद

मवई। तहसील क्षेत्र मवई के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिद्ध मुड़िया पाठ बाबा धाम में दो दिवसीय अखंड रामायण मानस पाठ एवं रामधून कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। शनिवार से रविवार तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान में समूचा क्षेत्र राममय नजर आया। यह आयोजन बाक़ी गुड़ा (मलाजखंड) वाले स्वामी जी के विशेष सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्ति भाव के साथ शामिल हुए।

शिवलिंग स्थापना और विशाल भंडारा आयोजित

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विधि-विधान से शिवलिंग की स्थापना की गई। इस पावन उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सुबह से लेकर देर शाम तक हजारों श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय भक्तों और ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

प्राकृतिक सुंदरता के साथ अध्यात्म का संगम

जंगलों के बीच स्थित सिद्ध मुड़िया पाठ बाबा धाम अपनी प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। यहाँ स्थापित भगवान शिव की विशाल प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं ने बताया कि इस आध्यात्मिक स्थल पर आने से उन्हें अद्भुत मानसिक शांति प्राप्त होती है। यहां निरंतर चलती रामधुन से पूरे क्षेत्र का वातावरण शुद्ध बना रहता है।